तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 17 फरवरी 2025

11 कल्युग के लोगों का कल्याण के लिए भागवत...



12 10 साल बाद कांग्रेस सत्ता से बाहर अब भाजपा के...





## खबर संक्षेप



### ग्राम सिवनी और झलमला के आसपास पहुंचा भालू का जोड़ा

**बालोद।** जिला मुख्यालय के आसपास भालुओं के जोड़ों के विचरण करने की तस्वीरें सामने आई हैं। दरअसल जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सिवनी व झलमला के आसपास घोठिया चौक के नजदीक सड़क किनारे वहां से गुजर रहे राहगीरों को दो भालू विचरण करते दिखे। गौरतलब है कि ग्राम सिवनी व झलमला में ही कलेक्टोरेट व अधिकांश जिला स्तरीय कार्यालय व आवासीय कालोनी स्थित हैं। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के रहवासियों में दहशत का माहौल है। कुछ लोगों ने कार में बैठकर अंदर से वीडियो भी बनाया, जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। शहर से लगे जंगलों से इस तरह भालू की तस्वीरें सामने आना आम बात हो गई है, लेकिन पहली बार भालू आवासीय क्षेत्र में दिखाई दिए। पूर्व में भालू द्वारा कई लोगों पर हमला भी किया जा चुका है। लेकिन, वर्तमान में भालुओं द्वारा किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं है। वहीं, भालुओं की उपस्थिति की जानकारी मिलने पर वन विभाग का अमला भी सतर्क हो गया है।

### घायल युवक की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** जिला अस्पताल कांकेर में ईलाज के दौरान 5 बीएन जगदलपुर निवासी 27 वर्षीय रिषभ त्यागी का 15 फरवरी को मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### 150वीं लावारिस शव का किया जनसहयोग से अंतिम संस्कार

**कांकेर।** समाजसेवी संस्था जन सहयोग के द्वारा लावारिस शव का अंतिम संस्कार पुलिस विभाग की अपील पर किया गया। संस्था द्वारा अब तक 150 लावारिस शव का अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस विभाग के पत्रानुसार घटना इस प्रकार है कि 13 फरवरी को काँकेर थाना में सिंगारभाट के पास से बहने वाली हटकुल नदी में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। शव का पीएम करवाया और पहचान के लिए प्रयास किया गया। शव का कोई वारिस न मिलने के कारण शव क्लेम करने कोई नहीं आया, इसलिए लावारिश शव का दूध नदी के किनारे अंतिम संस्कार किया गया।

**चुनाव :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जिला पंचायत सीईओ डॉ कन्नौजे ने मतदान दलों को दिखाई हरी झंडी

# डौंडीलोहारा के 120 और डौंडी विकासखंड की 62 पंचायतों में चुनाव आज, मतदान दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत डौंडीलोहारा व डौंडी विकासखंड में आज पहले चरण का मतदान होगा। डौंडीलोहारा में चुनाव के लिए मतदान सामग्री वितरण केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने मतदान दलों को हरी झण्डी दिखाकर मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया। मतदान पश्चात मतदान स्थल पर ही मतगणना की जाएगी।

- डौंडीलोहारा के लिए 369 व डौंडी विकासखंड के लिए बनाए गए हैं 174 मतदान दल

इसी प्रकार डौंडी विकासखंड के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से मतदान दलों को मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत आज 17 फरवरी को डौंडीलोहारा और डौंडी विकासखंड में मतदान होगा। जिसके लिए आज मतदान दलों को रवाना किया गया है। निर्वाचन कार्य को सफल बनाने डौंडीलोहारा विकासखंड के 120 ग्राम पंचायत हेतु 369 मतदान दल बनाए गए हैं। इसी प्रकार डौंडी विकासखंड के 62 ग्राम पंचायत के लिए 174 मतदान दल बनाए गए हैं।

मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने रविवार सुबह से ही डौंडीलोहारा एवं डौंडी के सामग्री वितरण केन्द्र पहुँचकर मतदान सामग्री को प्राप्त कर उसका मिलान एवं अन्य जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान दल के अधिकारी–कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली तथा उन्हें निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं भी दी।

सीईओ डॉ.कन्नौजे ने सुबह से ही मतदान सामग्री वितरण केन्द्र में पहुँचकर सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। इस अवसर पर एसडीएम डौंडीलोहारा शिवनाथ बघेल, जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के सीईओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।



### मतदान कराने पहुंचा दल, कर्मचारियों ने किया स्वागत

**बालोद।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 17 फरवरी को डौंडीलोहारा और डौंडी विकासखंड में मतदान होगा। इसके लिए 16 फरवरी को सुबह मतदान दलों को रवाना किया गया था। जिले के डौंडीलोहारा और डौंडी विकासखंड में मतदान दल सकुशल अपने मतदान केंद्रों में पहुंच गए हैं। मतदान केंद्र आगमन पर मतदान दलों का स्थानीय कर्मचारियों द्वारा फूलमाला पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया।



## ग्रामीण सरकार चुनने डौंडीलोहारा के 1,59,237 मतदाता करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के पहले चरण के तहत 17 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के दिशा निर्देश में अधिकारी कर्मचारियों की टीम पूरी तरह तैयार है। जिला सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने मतदान दलों की बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान कहा कि हर विषम परिस्थिति के लिए अपने आप को तैयार रखें। किसी भी समस्या के लिए कंट्रोल रूम बनाई गई है जहां तुरंत सूचना दें आपकी समस्या का समाधान त्वरित की जाएगी।

- विकासखंड के कुल 1635 वार्डों में से 794 पर निर्विरोध चुने जा चुके हैं पंच

जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के 120 ग्राम पंचायतों में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदान केंद्रों में मतदान दल को सामग्री वितरण कर रवाना कर दी गई है। सरपंच निर्वाचन हेतु ग्राम पंचायत की संख्या 118, सरपंच अभ्यर्थी की संख्या 541, कुल वार्ड की संख्या 1635, निर्वाचन के लिए वार्डों की संख्या 829, पंच अभ्यर्थियों की संख्या 1976 है। महिला मतदाता की संख्या 80232, पुरुष मतदाता की संख्या 79004, अन्य मतदाता की संख्या 01 कुल मतदाता की संख्या 1,59,237 निर्विरोध सरपंच की संख्या 01 (ग्राम खड़बत्तर), निर्विरोध पंचों की संख्या 794, मतदान केंद्रों की संख्या 369 रिजर्व मतदान दल की संख्या 37 है।

रिटर्निंग ऑफिसर एवं तहसीलदार हिंसा राम नायक ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए दोपहर 3.30 बजे तक सभी मतदान दल अपने-अपने मतदान केंद्रों में सकुशल पहुंच चुके हैं। जिनकी रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। सभी मतदान केंद्रों में संपूर्ण व्यवस्था कर ली गई है। आपातकालीन के लिए रिजर्व दल की तैनाती भी कर दी गई है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीईओ पंकज देव ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के दिशा निर्देश में निर्वाचन संबंधित कार्यों को पूर्ण कर ली गई है। रविवार को मतदान दलों को जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे के द्वारा बस में सवार मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दी गई है। जो की अपने-अपने केन्द्रों में सकुशल पहुंच चुके हैं। पंकज देव ने आम मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने मतदान का प्रयोग करें। शांति पूर्ण मतदान करने में सहयोग करें।




## डौंडी विकासखंड के 81066 मतदाता अपने गांवों की सरकार बनाने आज करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडी

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तीन चरणों में मतदान होगा। पहले चरण के मतदान का आगाज सोमवार को होगा। पहले चरण में डौंडी ब्लाक की 60 पंचायतों में कुल 81066 वोट में महिला 40978 पुरुष 39087 व अन्य 01 वोट डालेंगे। नगरीय निकाय चुनाव में मिली जीत के बाद से भारतीय जनता पार्टी काफी उत्साहित है। गांव की सरकार में जनता किसको अपना वोट देती है ये नतीजों में पता चलेगा।

चुनाव प्रचार थमने के बाद से ज्यादातर प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपन कर जनता का वोट अपनी ओर करने की कोशिशों में जुटे रहे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के लिए डौंडी ब्लॉक में निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र नेताम सहायक अधिकारी डीडी मंडले, पवन कुमार यदु ने अपनी सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सामान्य 62 संवेदनशील 67 और अति संवेदनशील 45 मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कार्य से जुड़े अधिकारी आशीष कुमार, डीडी मंडले ने बताया कि डौंडी ब्लॉक के 174 मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ अपने अपने बूथों पर भेज दिया गया है। 17 फरवरी को ब्लॉक के मतदान केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3बजे तक होगा। पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने बताया कि पंचायत चुनाव को देखते हुए डौंडी ब्लॉक में सर्चिंग बढ़ा दी गई है, ताकि पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराया जा सके। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल के साथ महिला कमांडो टीम की तैनाती की गई है। डौंडी जनपद पंचायत के मतदान केंद्रों में होने वाले पंच, सरपंच, जनपद और जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को डिप्टी कलेक्टर आशीष कुमार, रिटर्निंग अधिकारी देवेंद्र नेताम ने आईआईटी भवन डौंडी पहुंचकर मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



**विकासखंड के कुल 873 वार्डों में से 599 में पंच निर्विरोध निर्वाचित**



**जनपद पंचायत के 274 वार्डों के लिए 450 उम्मीदवार मैदान में-** जनपद पंचायत डौंडी की 60 ग्राम पंचायतों में 873 वार्ड हैं, जिसमें से 599 वार्डो के लिए निर्विरोध पंच चुने गए हैं। जबकि 274 वार्डों के लिए 450 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इसी तरह से 60 ग्राम पंचायतों में से 2 ग्राम पंचायतों भैसबोड़, आड़ेझर में सभी पंच निर्विरोध चुने गए। 60 ग्राम पंचायतों के लिए सरपंच प्रत्याशियों की संख्या 214 है। वहीं, जिला पंचायत सदस्यों की बात करें तो प्रथम यानि जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 में 4 उम्मीदवार क्षेत्र क्रमांक 12 में 06 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे हैं। जिला पंचायत क्षेत्रों में वोटिंग होगी। कुल 15 जनपद पंचायत क्षेत्र के लिए 63 उम्मीदवार मैदान में हैं। कुल 174 मतदान केंद्र के लिए 30 रूट बनाये व 14 सेक्टर है। कुल 920 कर्मी में मतदान कार्य के लिए 870 और रिजर्व दल 50 हैं। सुबह 7 बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। 18 फरवरी को इन सीटों के रिजल्ट आ जाएंगे।

**शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रशासन चला रहा है जागरूकता अभियान**

# नुक्कड़ नाटक व रंगोली से मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

विकासखंड की ग्राम पंचायतों में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरुक करने जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। जगह जगह नुक्कड़ नाटक, सभा, रंगोली सजाओ तथा जागरूकता रैली का आयोजन कर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिये प्रेरित किया जा रहा है। लोकतंत्र के तिहार मनाबो, 17 फरवरी के मतदान करे बर जाबो। अपन उंगली के ताकत दिखाना हे, 17 फरवरी के मतदान करे बर जाना है, कहते हुए रैली जब गांव की गली चौक चौराहे होते हुए गुजरती है, तो गगन भेदी नारों को सुनकर ग्रामीणों ने

अपने घरों के निजी कार्यों को छोड़कर सहसा अपने आंगन में निकल पड़ती है। उन्हें देखकर भ्रमण करते हुए रैली थोड़ी देर रुककर शतप्रतिशत मतदान करने प्रेरित करती है, फिर दूसरों को प्रेरित करने आगे बढ़ जाती है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में शतप्रतिशत मतदान कराने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के दिशा निर्देश तथा ⏭ शेष पेज 11 पर






इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत कोटेरा में लगभग 8 ग्राम पंचायत की स्वच्छाग्रही समूह की महिलाओं ने शामिल होकर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने भी मतदाता जागरूकता अभियान रैली में शामिल होकर शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। रेंगनी की रमन बावरे, पार्री की दीपिका तारम, सेम्हरडीह की संगीता प्रीतम सहित स्वच्छाग्रही समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। नोडल अधिकारी गौतम सिन्हा ने मतदाता जागरूकता के साथ ही शत प्रतिशत मतदान के लिये शपथ दिलाई। रिटर्निंग ऑफिसर (पंचायत) एवं तहसीलदार हिंसा राम नायक ने

### शत प्रतिशत मतदान की दिलाई गई शपथ

कहा कि जाबो कार्यक्रम के तहत गांव-गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाने जनपद पंचायत के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके द्वारा मतदाताओं को स्थानीय भाषा में शत-प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया जा रहा है। आप सभी मतदाताओं से अपील है कि 17 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये मतदान करने जरूर जाएं। आचार संहिता के नियमों का पालन करें। स्वतंत्र व निर्भिक होकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने अपने मतदान का प्रयोग करें। शांति पूर्ण रूप से मतदान को सफल बनाने सहयोग प्रदान करें। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीईओ पंकज देव ने कहा है कि जाबो कार्यक्रम को सफल बनाने नोडल अधिकारी गौतम सिन्हा स्वच्छाग्रहियों के साथ परिवार की तरह बेहतरीन समन्वय स्थापित कर 17 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को सफल बनाने तथा आम मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपने सूझबूझ से मतदान करें और किसी के बहकावे में न आएं। स्वतंत्र रूप से मतदान करें। ग्राम कोटेरा तथा मार्री बंगला में महिला समूहों के द्वारा बेहतरीन जागरूकता रैली का आयोजन किया है।

### कोचिए के कब्जे से 23 पौवा देशी शराब जब्त

**कांकेर।** नरहरपुर पुलिस ने शराब का अवैध परिवहन कर रहें शराब कोचिए को पकड़ा और उसके कब्जे से 23 पौवा देशी शराब को जप्त किया। पुलिस ने मुखबिर से मिली जानकारी की को तस्दीक कर बताए गए स्थल की घेराबंदी किया। कार्यवाही के दौरान एक संदेही जो पिट्टू बैग लेकर जा रहा था, जिसे मौके पर पकड़कर नाम पूछने पर अपना नाम चारामा थानांतर्गत कसावाही निवासी 26 वर्षीय अमीन कुमार नेताम पिता चेतन नेताम बताया। तालाशी लेने पर युवक के बैग से 23 नग शोले प्लेन देशी शराब किमती 2070 रूपएं को जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### ऑटो में सवारी बैठाने के नाम पर चालक से मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक ऑटो चालक ने दूसरे ऑटो चालक के खिलाफ सवारी बैठाने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल सिंह ने अभय कश्यप के ड्राइवर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राहुल ने पुलिस को बताया कि वह ऑटो स्टैंड में सवारी बैठा रहा था। इसी दौरान अभय का ड्राइवर मौके पर पहुंचा और सवारी बैठाने को लेकर उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की।

### स्कूटी को ठोका, विवाद के बाद युवक को पीटा

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक युवक ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कचना निवासी उमाशंकर महिलाने ने बाइक सीजी 06 जीजी 2909 के चालक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। उमाशंकर ने पुलिस को बताया कि पंडरी कपड़ा मार्केट में बाइक चालक ने उसकी स्कूटी को ठोकर मार दी। रुकने का इशारा करने पर बाइक चालक ने उमाशंकर के साथ मारपीट की।

### सिंधी प्रीमियर लीग 24 से, पोस्टर विमोचित



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 24 फरवरी से 9 मार्च तक सिंधी प्रीमियर लीग एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। नेताजी सुभाष स्टेडियम में मैच खेले जाएंगे, जिसका गुरुवार को पोस्टर विमोचित किया गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि 130 खिलाड़ी भाग लेंगे और 56 मैच होंगे, हर मैच 10 ओवर का होगा। पोस्टर विमोचन में संजय रहेजा, विक्की लोहाना, रवि ग्वालिनी, अविनाश माखीजा, सुमित आठवानी, धनेश मटलानी, आकाश गजवानी, राहुल होतवानी, पंकज बजाज, अभय आठवानी, बंटी चावला, सुमीत नैनवानी उपस्थित थे।

### कर्णेश्वर धाम में कोसरिया मरार पटेल समाज की हुई बैठक

**नगरी।** कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावाराज की बैठक बुधवार को सिहावा के शाकंभरी मंदिर में हुई। अतिथि कोसरिया मरार पटेल समाज छग प्रदेश संरक्षक अमरसिंह पटेल, सिहावा राज राजा लतखोर पटेल, खुटैत नारायण पटेल, अध्यक्ष सिहावा राज पटेल समाज कन्हैयालाल कौशल, उपाध्यक्ष मोतीलाललाल पटेल, हरिनाथ पटेल, जनक कौशल, भरत पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, अगनूराम पटेल, मानिक पटेल थे।

### अपने बच्चों से सम्मान पाकर छलक उठी माता-पिता की आंखें

**धमतरी।** नव ज्योति विद्या मंदिर सांकरा में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने माता-पिता को देवता तुल्य मानते हुए पूरे विधि-विधान के साथ उनकी पूजा की। स्कूल में सबके सामने इतना सम्मान पाकर कई माता-पिता की आंखें छलक उठे।

---

200 नई वंदे भारत में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को भी मिल सकती है सुविधा

# नए फीचर के साथ ट्रैक पर उतरेगी वंदे भारत, स्लीपर क्लास के साथ अब पेंट्रीकार की भी मिलेगी सुविधा, कोच में कई बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

भारतीय रेल में वंदे भारत एक्सप्रेस अब यात्रियों की पहली पसंद बन चुकी है। इस बार के आम बजट में रेलवे के लिए 200 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का लक्ष्य रखा गया है, जो स्लीपर डिब्बों के साथ होंगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को वंदे भारत के मिलने की संभावना जताई जा रही है। अब तक वंदे भारत एसी और चेयरकार क्लास में ही उपलब्ध थीं, लेकिन यात्रियों की डिमांड को देखते हुए इसे स्लीपर क्लास में भी तैयार किया जा रहा है। पहली वंदे भारत चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में तैयार की गई थी। इस बार इस फैक्ट्री में नए फीचर्स के साथ 50 वंदे भारत एक्सप्रेस तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। नई वंदे भारत की खासियत यह है कि यह लंबी दूरी के सफर के लिए सक्षम होगी और इसमें खानपान की व्यवस्था के लिए पैंट्री कार भी होगी। मौजूदा वंदे भारत में स्लीपर क्लास के कोच में कई बदलाव किए गए हैं, जो नई वंदे भारत के कोच में दिखेंगे।

## 2025-26 में दो हजार सामान्य कोच तैयार करने का लक्ष्य

### 16 से 24 कोच वाले रैक होंगे तैयार

नई वंदेभारत ट्रेन को जहां नए फीचर के साथ तैयार किया जाएगा। वहीं इन में कोच संख्या भी अलग-अलग होगी। एक रैक जहां 16 डिब्बों की होगी, तो वहीं दूसरी 24 डिब्बों वाली तैयार की जाएगी। इन कोच को रेलवे की फैक्ट्री लातूर, महाराष्ट्र और चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, आईसीएफ में तैयार किया जाएगा।



### नान एसी कोच जोड़ने की तैयारी

आम बजट में रेलवे को 2.52 लाख करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। आने वाले वर्षों में जहां दो सौ नई वंदे भारत ट्रेनों को नए फीचर व पैंट्रीकार के साथ तैयार किया जाएगा, वहीं सौ अमृत भारत ट्रेन, पचास नमो भारत रैपिड रेल तैयार होंगी। जबकि 17 हजार 500 जनरल नान एसी कोच भी जोड़े जाने की तैयारी है। यही नहीं 1400 नए कोच का निर्माण भी किया जाना है। साल 2025-26 में दो हजार सामान्य कोच तैयार करने का लक्ष्य है।

---

शिकायत पर पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, इसकी सूबेदार को थी जानकारी

# जहां हुई डकैती वहां एक माह पूर्व हो चुकी है चोरी की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

**इसलिए सूबेदार ने अपने साथियों को डकैती डालने जांच करने का झांसा देने वर्दी में भेजा**

अनुपम नगर में मनोहरण वेलू के घर डकैती की घटना में नए तथ्य सामने आए हैं। जिनके यहां डकैती की घटना हुई है, उनके यहां एक माह पूर्व चोरी की कोशिश हुई थी, जिसकी शिकायत मनोहरण ने खम्हारडीह थाने में की थी। शिकायत की अनदेखी करते हुए पुलिस ने किसी तरह की जांच नहीं की। इसकी जानकारी मनोहरण के करीबी बीएसएफ के सेवानिवृत्त सूबेदार ए. सोम शेखर को थी।

चोरी की शिकायत पर पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से सूबेदार को बल मिला। इसके बाद उसने डकैती डालने अपने साथियों को सेना की वर्दी में आने के लिए कहा। यही वजह है कि सेना की वर्दी में पहुंचे बदमाश मनोहरण को थाने में कंप्लेंट करने की बात कहते हुए घर के अंदर दाखिल हुए। पूर्व में ही पुलिस मनोहरण की शिकायत पर कार्रवाई करती, तो बदमाश डकैती जैसी घटना को अंजाम देने के पहले सोचते।

### महिला सहित 10 डकैत जेल दाखिल, मास्टर माइंड के मकसद को लेकर उलझी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मनोहरण वेलू के यहां मंगलवार को डकैती की घटना को अंजाम देने वाले महिला सहित सभी 10 आरोपियों को पुलिस ने आज कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं पुलिस घटना के मास्टर माइंड सेवानिवृत्त बीएसएफ के सूबेदार ए, सोम शेखर के मकसद को लेकर अब भी उलझी हुई है। लंबी पूछताछ के बाद भी पुलिस डकैती के मास्टर माइंड सोम शेखर के मकसद को नहीं समझ पाई है। पुलिस ने अपनी पड़ताल में पाया है कि डकैती की घटना का मास्टर माइंड भले ही सोम शेखर है, लेकिन डकैती के दिन घटना को महिला डकैत नेहा त्रिपाठी लीड कर रही थी। डकैती की घटना में शामिल बदमाश नेहा के दिशा निर्देश पर काम कर रहे थे। नेहा ने ही मनोहरण वेलू की बहन को इंजेक्शन लगाने के साथ ही जाते समय उनके परिवार को धमकाने का काम किया था। डकैतों को फरार होने के रास्ते नेहा ने ही सुझाये थे।



2011 में बीएसएफ रिटायर हुआ था आरोपी, वर्दी में डाका डालने का प्लान उसी का

बीएसएफ का पूर्व सूबेदार निकला डकैती का मास्टरमाइंड, 10 आरोपी गिरफ्तार

**नेहा का पिता बीएसपी का सेवानिवृत्त अफसर**

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक नेहा का पिता भिलाई स्टील प्लांट का सेवानिवृत्त अफसर है। नेहा शुरू से ही अपराधिक प्रवृत्ति की लड़की रही है। इसके कारण नेहा को उसके पिता ने घर से निकाल दिया था। नेहा का पति भी अपराधिक प्रवृत्ति का है। राहुल तथा नेहा ने एक दूसरे के संपर्क में आने के बाद प्रेम विवाह किया है।

**फौजी ड्रेस बनी फंसने की वजह**

डकैतों ने जिस फौजी वर्दी को सुरक्षा कवच बनाकर डकैती डालने बुजुर्ग भाई बहनों के घर घुसे थे, वही फौजी ड्रेस की वजह से डकैत 24 घंटे के भीतर पुलिस के हत्थे चढ़े। अमलेश्वर में जहां डकैत अपनी फौजी वर्दी बदल रहे थे। वहीं पास में उपस्थित एक लड़के ने ड्रेस बदलते देख लिया। गतिविधियां संदिग्ध लगने के बाद लड़के ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल करते हुए बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

**नेहा ने कार में अलग से रुपए छिपाए**

पूछताछ में पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक डकैती डालने के बाद नोटों से भरे एक बैग के साथ सोने की चेन नेहा ने अपने कब्जे में ले लिया था। रास्ते में नेहा ने चलती कार में बैग से नोटों की गड्डी निकालकर अपनी रिट्ज कार में अलग से छिपाकर रख ली थी।

**मामला ठंडा होने तक शांत बैठने के निर्देश**

डकैती की घटना को सफलता पूर्वक अंजाम देने के बाद डकैत अपने पकड़े जाने को लेकर बेफिक्र हो गए थे। उन्हें लग रहा था कि जिस प्लानिंग के साथ उन लोगों ने डकैती डाली है, पुलिस उन लोगों तक नहीं पहुंच सकती। बावजूद इसके डकैती की घटना की पड़ताल होने तक सभी को रकम खर्च नहीं करने की हिदायत दी गई थी। साथ ही रकम के बारे में अपने परिवार के सदस्यों को भी जानकारी नहीं देने के लिए कहा गया था। पुलिस डकैतों को गिरफ्तार करने पहुंची, तो सभी सामान्य दिनों की तरह अपने काम काज में व्यस्त थे।

**मास्टर माइंड के मकसद को लेकर उलझन में पुलिस**

डकैती की घटना में शामिल आठ डकैतों ने अपने हिस्से की रकम का आपस में बंटवारा कर लिया था डकैती की रकम सोम शेखर के साथ पुरुषोत्तम को नहीं मिली थी। डकैती की घटना का मास्टर माइंड सोम शेखर तथा पुरुषोत्तम द्वारा रकम नहीं लिए जाने की बात को लेकर पुलिस उलझी हुई है। पुलिस को आशंका है कि मामला ठंडा होने के बाद सोम शेखर डकैतों से संपर्क कर अपने हिस्से का बंटवारा लेता।

### कड़ी जोड़ने के बाद पुलिस ने आखिरी में सूबेदार को किया अरेस्ट

डकैती की जांच में जुटी पुलिस को अमलेश्वर जाने वाले मार्ग पर पांच डकैतों के सीसीटीवी फूटेज मिल गए। पांचों को आईडेंटिफाई करने के बाद पुलिस ने सबसे पहले उनकी गिरफ्तारी की। इसके बाद अन्य चार बदमाशों को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने सोम शेखर को आखिरी में गिरफ्तार किया। नौ आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी सोम शेखर अपनी गिरफ्तारी को लेकर बेफिक्र था। उसे लग रहा था कि पुलिस उस तक नहीं पहुंच पाएगी।

### 'शिकायत' ने जांच की दिशा बदली

*डकैती की घटना के बाद पुलिस पीड़ित भाई बहनों से पूछताछ कर रही थी, तब मनोहरण ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया था कि डकैत घर में घुसने के साथ उनसे थाने में शिकायत किए जाने की बात कही थी। पुलिस ने डकैतों की शिकायत वाली बात को पंच लाइन मानकर जांच की दिशा में आगे बढ़ाते हुए नए सिरे से पूछताछ की। पूछताछ में मनोहरण ने पुलिस को जानकारी दी थी कि घर में चोरी होने की शिकायत करने की जानकारी उन्हें तथा घर में रह रही दो बहनों के अलावा सोम शेखर को थी।*

---


### भाजपा से अटल विश्वास पत्र को पूरा करने की अपेक्षा : जनता कांग्रेस

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, पार्टी की ओर से हम छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सभी नगर निगमों में जीत पर हार्दिक बधाई देते हुए जनता के विश्वास, उनकी आकांक्षाओं और जनादेश का सम्मान करते हैं। इसी दौरान उन्होंने कहा, भाजपा के विकास के एजेंडे और अटल विश्वास पत्र में प्रस्तुत योजनाओं पर जनता ने विश्वास किया, हम उम्मीद करते हैं कि भाजपा इस ऐतिहासिक जनादेश का सम्मान करते हुए अपने वादों को पूरा करने के लिए ईमानदारी से काम करेगी।

उन्होंने कहा, भाजपा से अपेक्षा है कि वह अपने घोषणा पत्र, अटल विश्वास पत्र में किए गए वादों को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ पूरा करेगी। शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, झुग्गीवासियों भूमि स्वामी हक, महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दे शामिल हैं। जनता ने भाजपा को जो जनादेश दिया है, उसके पीछे उनका विकास और सुशासन की उम्मीदें हैं। हम उम्मीद करते हैं कि भाजपा इन उम्मीदों पर खरा उतरेगी और छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में समृद्धि और विकास के नए अध्याय लिखेगी।

---

# कुंभ स्नान को गए सब इंस्पेक्टर के घर को चोरों ने बनाया निशाना





हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- नकदी सहित नौ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए

चोर आम आदमी से लेकर पुलिसकर्मियों के घर तक को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में आमानाका थाना क्षेत्र के सन सिटी में निवासरत एक सब इंस्पेक्टर के घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए 70 से 80 हजार रुपए नकदी सहित नौ लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। घटना 30 जनवरी से 13 फरवरी के बीच की है। सब इंस्पेक्टर परिवार सहित गृह प्रवेश के साथ कुंभ स्नान करने प्रयागराज गए हुए थे, तब सब इंस्पेक्टर के घर चोरी की घटना हुई।

अशोक मिश्रा की पत्नी निर्मला मिश्रा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। निर्मला ने पुलिस को बताया है कि कोई अज्ञात चोर उनके मकान के दरवाजे में लगा ताला तोड़ने के बजाय पेंचकस से दरवाजा का स्क्रू निकालकर मकान के अंदर दाखिल हुआ। आलमारी को पेंचकस से अड़ाकर खोल लिया और अलमारी में रखे जेवर तथा नकदी रकम चोरी कर लिया। घटना के बाद मौके की जांच करने के साथ पुलिस की डॉग स्क्वाड टीम पहुंची थी, लेकिन चोरों के बारे में पुलिस को किसी भी तरह से कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों के बारे में पुलिस पतासाजी करने की बात कह रही है।

---

# महिला मरीज की मौत, चार महीने पहले जांच में दोषी तय पर कार्रवाई अब तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- निजी अस्पताल, एंबुलेंस और एयर क्राफ्ट में हुई थी सिलसिलेवार लापरवाही

निजी अस्पताल में उपचार के दौरान महिला मरीज की मौत के मामले मे चार माह पहले ही कमेटी ने जांच के बाद दोषी तय कर दिया था। रिपोर्ट स्वास्थ्य संचालनालय तक पहुंची, जहां जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय करने के बजाए दबा दिया गया। इस रिपोर्ट के अभाव में पुलिस ने भी किसी तरह का एक्शन नहीं लिया।

लालपुर स्थित एक अस्पताल में भारती देवी खेमानी की एयर एंबुलेंस में हैदराबाद ले जाने के दौरान मौत हो गई थी। मामले में खेमानी परिवार न्याय की मांग के लिए लगातार मंत्री और अफसर के चक्कर लगा रहे हैं, मगर अब तक प्रकरण में दोषियों के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। प्रकरण में परिवार वालों ने मौत की वजह विभिन्न तरह की लापरवाही को बताते हुए पुलिस में शिकायत की थी। हैदराबाद के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट महिला की तबीयत खराब होने पर उसे लेकर वापस रायपुर में उतर गई थी। पुलिस के पत्र के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित की थी। कमेटी ने जांच के बाद जो रिपोर्ट सौंपी थी, उसमें महिला की मौत के लिए अस्पताल के साथ एबुंलेंस और एयरक्राफ्ट वालों को भी दोषी माना गया था। सिंतबर में हुई घटना की जांच रिपोर्ट अक्टूबर में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को भेज दी गई थी जिसे संचालनालय स्तर पर दबा दिया गया।

### जांच कमेटी ने दिया था अभिमत

जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में संबंधित अस्पताल पर मरीज को बिना डॉक्टर के एंबुलेंस में भेजने। एंबुलेंस कंपनी पर अस्पताल से एयरपोर्ट के लंबा सफर के दौरान लापरवाही बरतने, एयरक्राफ्ट स्टाफ और डाक्टरों पर बिना किसी सूचना के मरीज को हैदराबाद के बजाए वापस रायपुर लाने का आरोप था।

---

### रेल्वे स्टेशन के सामने भंडारा



**रायपुर।** योग वेदांत सेवा समिति द्वारा मातृ पितृ पूजन दिवस के अवसर पर रेल्वे स्टेशन के सामने भण्डारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 2 बजे गुरुवंदना से हुई। इसके बाद मंगल आरती कर भण्डारे का शुभारंभ किया गया। जिसमें नागरिकों को हलुवा, पुलाव, कढ़ी का वितरण किया गया।कार्यक्रम में योग वेदांत सेवा समिति के रामदयाल पाटीदार, महेश बृजवानी, रामनारायण साहू, जगदीश पंजवानी, रवि कुकरेजा, महिला उत्थान मण्डल की सदस्य सहित सेवादार उपस्थित थे।

---

# नौकरी लगाने के नाम पर पांच करोड़ की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

- सीजीपीएससी के चेयरमैन टामन सोनवानी के साला सहित अब तक सात गिरफ्तार

अलग-अलग सरकारी विभागों में नौकरी लगवाने के नाम पर पांच करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने शनिवार को एक अन्य आरोपी को धमतरी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी धमतरी में किसी स्कूल में पढ़ाने का काम करता है। पुलिस ने जिसे गिरफ्तार किया है, वह पूर्व में गिरफ्तार सीजीपीएससी टामन सोनवानी का साला देवेंद्र जोशी के लिए कमीशन एजेंट के रूप में कार्य करता था। ठगी के आरोप में पुलिस ने अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने देवेंद्र के मददगार कपिल देशलहरे को गिरफ्तार किया है। कपिल ने पुलिस को बताया है कि उसने अलग-अलग लोगों से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर 57 लाख रुपए कलेक्ट कर देवेंद्र जोशी को पहुंचाने का काम किया है। ग्राहक लाने के बदले में देवेंद्र, कपिल को कमीशन देता था। कमीशन पाने के लालच में कपिल ने शिक्षित बेरोजगारों को नौकरी लगाने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया।

**अब तक इनकी हो चुकी है गिरफ्तारी :** कपिल देशलहरे, देवेन्द्र कुमार जोशी, झगीता जोशी, स्वप्निल दुबे, नफीज आलम, हलधर बेहरा, सोमेश दुबे।

कमीशन एजेंट गिरफ्तार



### ठगी का शिकार होने के बाद बना ठग

कपिल ने पुलिस को बताया है कि देवेंद्र ने पूर्व में उसकी पत्नी को नौकरी दिलवाने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया। नौकरी नहीं मिलने पर उसने देवेंद्र से पैसे वापस मांगे, तो देवेंद्र ने कपिल को पैसा देने के बजाय जरूरतमंद लोगों को नौकरी लगवाने के एवज में कमीशन देने का लालच दिया। देवेंद्र के झांसे में आकर कपिल शिक्षित बेरोजगारों को अपने झांसे में लेने लगा। नौकरी के नाम पर ठगी के शिकार होने वाले अब तक 65 लोगों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

---

# हवा में बदलाव की गति धीमी, शहर में सुबह-सवेरे ठंड का असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



प्रदेश में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव धीमे-धीमे हो रहा है। इसकी वजह से बस्तर को छोड़कर शेष इलाकों में सुबह-सुबह ठंड का प्रभाव बना हुआ है। अंबिकापुर और बलरामपुर में तापमान दस डिग्री से नीचे होने की वजह से अच्छी ठंड पड़ रही है और इसका प्रभाव दो दिन और रहने की संभावना है।

प्रदेश में फरवरी का पहला सप्ताह गर्मी के साथ बीता, मगर दूसरे सप्ताह में ठंड की वापसी हुई, जो अभी भी असरदार है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर से आने वाली ठंडी हवा ने बलरामपुर, अंबिकापुर सहित सरगुजा संभाग के साथ रायपुर समेत मध्य इलाके को प्रभावित कर रही है। हवा की दिशा धीमे-धीमे बदल रही है, जिसकी वजह से अभी भी ठंड का प्रभाव है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर में हल्की ठंड महसूस हुई और रात का तापमान सामान्य से एक डिग्री कम रहा।अंबिकापुर और बलरामपुर में तो ठंड काफी असरदार रही और न्यूनतम तापमान आठ डिग्री तक नहीं पहुंच पाया। अगले दो दिन तक मौसम में बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद 17 फरवरी को आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के असर से रात की ठंड कम हो सकती है। अगले दो दिन में रात और दिन के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य का सबसे अधिकतम तापमान दुर्ग में 34.4 रिकार्ड किया गया।

---

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 21 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास व शिलान्यास

# छोटे स्टेशनों के प्लेटफार्म की बढ़ाई जा रही लंबाई, गर्मी में मिलेगी छांव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत अब छोटे रेलवे स्टेशनों की सूरत बदलने लगी है। यात्रियों को यहां अब आधुनिक सुविधाएं मिलने लगेंगी। शहर से जुड़े सरोना रेलवे स्टेशन पर हर साल गर्मी के मौसम में यात्रियों को धूप में खड़े होकर अपनी ट्रेन का इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब इस स्टेशन पर चार बड़े शेड लगाए जा चुके हैं, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी। इसके अलावा, सरोना स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेनों के लिए प्लेटफार्म छोटा था, जिसके कारण अक्सर ट्रेन के तीन कोच प्लेटफार्म से बाहर निकल जाते थे, जिससे चढ़ने-उतरने में यात्रियों को दिक्कत होती थी।

अब रेलवे प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ा रहा है, ताकि यह समस्या हल हो सके और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। इसी तरह की सुविधाएं मंदिर हसौद और हथबंध स्टेशनों पर भी दी जाएगी। इन स्टेशनों में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक 400 से 800 यात्रियों की आवाजाही रहती है। रेलवे इन स्टेशनों के पुनर्विकास पर काम कर रहा है, और इस निर्माण कार्य की 70 फीसदी प्रगति हो चुकी है। जल्द ही इन स्टेशनों पर यात्रियों के लिए और भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



**योजना में छत्तीसगढ़ के 21 स्टेशन शामिल**

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 21 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास व शिलान्यास किया जाना है, जिसमें सरोना, मंदिर हसौद, हथबंध, निपनिया, भाटापारा, डोंगरगढ़, कोरबा, रायगढ़, राजनांदगांव, भिलाई नगर, बिल्हा, बैकुंठपुर रोड, अंबिकापुर, उसलापुर, पेंड्रारोड, जांजगीर नैला, चांपा, बाराद्वार, दल्लीराझहरा, भानुप्रतापपुर और भिलाई स्टेशन शामिल है।

### स्टॉपेज बढ़ाने का भी प्रयास

सरोना स्टेशन में रोजाना 800 से अधिक यात्री ट्रेन में सफर करते हैं। ऐसे में रेलवे बोर्ड सुविधाएं बढ़ाने के बाद स्टेशन में ट्रेनों का स्टॉपेज भी बढ़ सकता है, जिससे बाद यात्रियों को एक्सप्रेस ट्रेन पकड़ने के लिए मुख्य स्टेशन में जाना नहीं पड़ेगा। भिलाई पावर हाउस और तिल्दा में रुकने वाली कुछ ट्रेनों का स्टॉपेज मिल सकता है। स्टेशन लाइटिंग में सुधार, साइनेज, ट्रेन व कोच इंडिकेटर बोड्र्स की सुविधा भी बढ़ेगी।

### वेटिंग हॉल के साथ सुरक्षा भी

स्टेशनों में वेटिंग हॉल, पार्किंग के साथ प्लेटफार्म में आधुनिक कैमरा भी लगाया जा रहा है। यह कार्य भी 50 फीसदी पूरा हो चुका है। योजना के तहत अन्य स्टेशनों में भी फुटओवर ब्रिज, लिफ्ट एस्कलेटर,सर्कुलटिंग एरिया का उन्नयन, वेटिंग हाल और टायलेट का उन्नयन, स्टेशन लाइटिंग में सुधार, साइनेज, ट्रेन एवं कोच इंडिकेटर बोर्ड, पार्किंग स्थान में वृद्धि, प्लेटफार्म एरिया का विस्तार, शेड, स्थानीय कला और संस्कृति के अनुसार स्टेशन के वाह्य स्वरूप का उन्नयन किया जा रहा।


---

# महापौर के 5 प्रत्याशी नहीं छू पाए हजार का आंकड़ा, 54 पार्षद प्रत्याशियों को पड़े 100 से कम वोट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर नगर निगम में पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों में 54 ऐसे प्रत्याशी भी है, जिन्हें वोट तो मिले पर 100 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएं। इससे पता चलता है कि ये प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए साहस तो दिखा पाएं, लेकिन मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट करने के लिए प्रेरित कर नहीं पाएं। जिन प्रत्याशियों को 100 से कम वोट मिले हैं, उनमें आप पार्टी, शिवसेना, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी सहित अन्य निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं।

**महापौर के 5 प्रत्याशी एक हजार का आकड़ा छू नहीं पाएं:**



पार्षद प्रत्याशियों की तरह महापौर पद के लिए चुनाव लड़ने वाले 16 प्रत्याशियों में 5 प्रत्याशी ऐसे हैं जिन्हें एक हजार से कम वोट मिले है। जिन प्रत्याशियों को एक हजार से कम वोट मिले हैं, उनमें धूं सेना प्रत्याशी मीना तिवारी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रत्याशी प्रिया शर्मा, शक्ति सेना से सविता बंजारे, निर्दलीय डा. आरती सोनवानी शामिल है।

## खबर संक्षेप



### मतगणना स्थल पर मधुमक्खी का हमला, कार्यकर्ता परेशान

**दुर्ग।** मतगणना स्थल पर सुबह 11 बजे मतगणना स्थल पर मधुमख्खियों का अचानक हमला हो गया मधुमख्खियों के झुण्ड के हमले से बचने इधर-उधर भागने लगे लोगों ने जहां भी जगह मिली छिपकर मधुमख्खियों से अपने आप को बचाने की कोशिश करते रहे। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता भी परेशान हुए।

### साठ वार्ड में सभी जगह नोटा दबा, 1986 ने नकारा

**दुर्ग।** नगर निगम के साठ वार्ड में सभी वार्डो में वोटरों ने नोटा का उपयोग किया है। सबसे ज्यादा नोटा का उपयोग वार्ड 54 में 87 लोगों ने किया है। इसी तरह सबसे कम उपयोग वार्ड तीस में सिर्फ नो लोगों ने किया है। इस तरह ओव्हरआल देखे तो पूरे साठ वार्ड में 1986 लोगों ने नोटा बटल दबाकर अपनी उपस्थिति का एहसास तो कराया है, लेकिन उन्होने चुनाव में खडे प्रत्याशियों को भी नकार दिया हैं।

### मतगणना स्थल पर अव्यवस्था

**दुर्ग।** मतगणना स्थल पर भारी अव्यवस्था की स्थिति रही महापौर प्रत्याशियों को प्राप्त मतों की चक्रवार स्थल पर घोषणा नहीं हुई। मतगणना शुरू होने के 2 घंटे बाद भी मतगणना के रुझान की कोई जानकारी मीडिया सेंटर में नहीं देने पर मीडिया कर्मियों ने प्रदर्शन कर रोष जताया। वही कांग्रेस के पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कहा जिला प्रशासन की ऐसी अव्यवस्था से उनके कार्यकर्ता भी परेशान हो रहे है। उन्होने कहा हर राउंड की जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए।

### मतगणना स्थल पर लगा रहा मेला

**दुर्ग।** पुलगांव स्थित भारतीय कालेज के सामने मतगणना स्थल पर सुबह से ही नेताओं की भीड लगी रही। प्रत्याशियों के जीत का रूझान जानने सुबह से ही कांग्रेस और भाजपा के कार्यकर्ता डटे रहे। मतगणना स्थल पर मेला जैसा माहौल बना रहा। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व विधायक अरूण वोरा, पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल सहित बडी संख्या में कांग्रेस उपस्थित थे। हांलाकि जैसे जैसे रिजल्ट सामने आता गया। वैसे ही कांग्रेसी नेता मतगणना स्थल से गायब हो गए। स्पष्ट रूझान सामने आने के बाद दोपहर एक बजे से भाजपा नेताओं के आने का क्रम शुरू हो गया था। इस दौरान भाजपा के विधायक गजेन्द्र यादव, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक सहित बडी संख्या में भाजपा के नेताओं ने वहां पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात करते रहे।

### देवबलौदा से शिवकुमारी यादव जीती

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के उप चुनाव में वार्ड 32 देवबलौदा बस्ती से भाजपा की प्रत्याशी शिवकुमारी यादव ने जीत हासिल की है। शिवकुमारी पार्षद रहे ललित यादव की पत्नी है। एक हादसे में ललित की मौत हो गई थी। इसके बाद से उक्त वाल रिक्त हो गया था।

### नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा ने पहली बार कांग्रेस को किया क्लीन स्वीप

# राज्य और केंद्र के बाद जिले के मतदाताओं ने अब नगर की सत्ता भी भाजपा को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगरीय निकाय चुनाव में जिले के आठों नगरीय निकायों में जिले में पहली बार ऐसा हुआ है कि भाजपा ने पूरी तरह क्लीन स्वीप किया है। अर्जुन्दा नगर पंचायत ने ही कांग्रेस की लाज रखी। अध्यक्ष के साथ परिषद् में भी भाजपा के पार्षद बहुमत में आए हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि नगर की सरकार नगर का चहुंमुखी विकास करेगी।

अब भाजपा के पास विकास से विमुख होने, विकास नहीं होने का कोई कारण नहीं है, क्योंकि अध्यक्ष भाजपा का है, परिषद् में भाजपा का बहुमत है और सबसे बड़ी बात यह कि प्रदेश के साथ-साथ देश में भी भाजपा की सरकार है। ऐसे में जिले के नगरीय निकायों में विकास व उन्नति के नए आयाम स्थापित करने का भाजपा के पास सुनहरा अवसर है। जिले के आठों नगरीय निकाय आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं और उन्नति के मार्ग खुलने का इंतजार कर रहे हैं। आठों नगरीय निकायों की अपनी समस्या है। जिले में नगर की जनता ने भाजपा को दिल खोल कर वोट दिया है। अब भाजपा की बारी है कि वह भी भाई-भतीजा वाद, अपना-पराया व गुटबाजी से दूर रहकर नगर के विकास, उन्नति के लिए ईमानदारी से कार्य करे। इस चुनौती को भाजपा को पूरी जिम्मेदारी से स्वीकार कर कार्य करना होगा।




**बालोद नगर पालिका-** बालोद नगर पालिका में 10 साल बाद अध्यक्ष भाजपा का बना है। वहीं, पालिका के बीस वार्ड में 10 पर भाजपा के पार्षद चुने गए हैं, जबकि कांग्रेस को 8 से ही संतोष करना पड़ा है तथा दो निर्दलीय पार्षद चुने गए हैं।

**दल्लीराजहरा नगर पालिका-** नगर पालिका दल्लीराजहरा ने तो इतिहास रच दिया। 15 साल तक प्रदेश में भाजपा की सरकार के बाद भी दल्लीराजहरा में कांग्रेस की सत्ता रही। 25 साल बाद यहां भाजपा का अध्यक्ष चुना गया है। यहां 27 वार्ड पार्षदों में 15 भाजपा के हैं, 8 कांग्रेस के व 4 अन्य पार्षद चुने गए हैं। अर्थात यहां भी भाजपा को परिषद् में पूर्ण बहुमत है।

**नगर पंचायत डौण्डीलोहारा, डौंडी व चिखलाकसा-** नगर पंचायत डौण्डीलोहारा में 15 वार्ड पार्षदों में 8 भाजपा के हैं व 4 कांग्रेस के पार्षद जीते हैं। 3 निर्दलीय भी जीतकर आए हैं। वहीं, डौण्डी नगर पंचायत में भी 15 वार्ड पार्षद में 8 भाजपा के, 1 कांग्रेस व 6 निर्दलीय पार्षद चुने गए हैं। चिखलाकसा नगर पंचायत में भी 15 वार्ड पार्षद में 12 भाजपा, 2 कांग्रेस व 1 निर्दलीय पार्षद यहां भी चुने गए हैं।

**नगर पंचायत गुण्डरदेही-** नगर पंचायत गुण्डरदेही में 15 वार्ड पार्षदों में भाजपा के 9, 5 कांग्रेस के व एक निर्दलीय पार्षद सफल हुए हैं। गुरूर नगर पंचायत में भाजपा व कांग्रेस में सीधी टक्कर थी, यहां 15 वार्ड पार्षद में 11 वार्ड में भाजपा के, कांग्रेस को 4 पार्षदों से संतोष करना पड़ा।

**अर्जुंदा में निर्दलीय प्रत्याशी बना अध्यक्ष, मिला कांटों भरा ताज-** नगर पंचायत अर्जुन्दा ही जिले की एकमात्र नगर पंचायत है, जहां कांग्रेस अपनी साख बचाने में सफल रही। यहां अध्यक्ष पद पर दो निर्दलीयों में सीधी टक्कर थी। भाजपा तीसरे व कांग्रेस चौथे स्थान पर रही। अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस जरूर चौथे स्थान पर रही, लेकिन यहां परिषद् में कांग्रेस का कब्जा हो गया। यहां 15 वार्ड पार्षदों में 9 कांग्रेस के चुनकर आए, 3 भाजपा व 3 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए है। यहां विकास की गति व दिशा प्रभावित होने की आशंका रहेगी। अर्जुन्दा नगर पंचायत मे निर्दलीय प्रणेश जैन जरूर विजयी रहे हैं, लेकिन जिले की शेष 7 नगरीय निकायों की तरह उनकी राह आसान नहीं है। अर्जुन्दा नगर पंचायत अध्यक्ष को पहले तो परिषद् में ही संघर्ष करना पड़ेगा, वहीं उन्हें नगर विकास के लिए कांग्रेस पार्षदों की ओर झुकना पड़ेगा, इससे उनकी राह कांटों भरी हो सकती है। आने वाला समय ही तय करेगा कि 7 निकायों में स्पष्ट बहुमत व अध्यक्ष होने के बाद भाजपा क्या कमाल करती है एवं कांटों के मध्य रहकर अर्जुन्दा नगर का विकास किस दिशा में जाता है।

### चुनावी हलचल

## भानु ने जीत के लिए लोगों से मांगा समर्थन



**दुर्ग।** औद्योगिक ग्राम रसमड़ा के सरपंच पद के प्रत्याशी भानु राम खिलावन यादव ने शनिवार को प्रचार के अखिरी दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ पूरे 20 वार्डों का रैली निकालकर प्रचार किया एवं लोगों से समर्थन के लिए आशीर्वाद लिया। रैली में महिलाएं, पुरुष एवं युवा बड़ी संख्या शामिल हुए। वहीं कार्यकर्ताओ में उमाशंकर यादव, विजय ठाकुर, तुलसी यादव, त्रिभुवन वैष्णव, राजकुमार शर्मा, मीना यादव, शकुन ठाकुर, नीतु निषाद, संतोषी साहू, तारा यादव, सोनकुमार ठाकुर, शामबती यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## क्षेत्र की प्रगति के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगी: माया



**अंडा।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी माया बेलचंदन का जिला पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांव में जनसंपर्क कर जिला पंचायत सदस्य पद के लिए पतंग छाप पर मुहर लगाकर आशीर्वाद प्रदान का निवेदन कर रही है। जिसमें क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। माया बेलचंदन ने कहा कि राज्य भाजपा सरकार की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना, किसानों के हित में निर्णय लेते 3100 रुपए में धान खरीदी, 2 वर्ष का बकाया धान बोनस, किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 5 लाख तक ऋण, भूमिहीन परिवारों की सालाना 10 हजार रुपए सहायता और 18 लाख गरीब परिवारों के पक्का आवास के सपनों को साकार किया है। अपने क्षेत्र के कोलिहापुरी, पिसेगांव, चंदखुरी, कोनारी, कुथरेल, भरदा, अछोटी, चिंगरी, अंडा, विनायकपुर, आमटी, माशाभाट, निकुम, आलबरस, तिरगा, झोला, भोथली, खाड़ा, रूदा गांव में प्रचार में लगी रही। निश्चित रूप से जिला पंचायत क्षेत्र की मतदाता मुझे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 से सेवा करने का अवसर प्रदान करते हैं तो विकास की गति ट्रिपल इंजन की रफ्तार से क्षेत्र की विकास करूंगी। निश्चित रूप से जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 में भी भाजपा की नीतियों और योजनाओं से जनता में उत्साह और भाजपा के प्रति समर्थन स्पष्ट दिख रहा है।

## सरस्वती ने पतंग चिन्ह में वोट देने की अपील की




**भिलाई।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 4 के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याशी सरस्वती बंजारे चुनाव चिन्ह पतंग द्वारा धुंआधार जनसंपर्क किया जा रहा है। जिसके तहत 15 फरवरी को बीरेभाट, अहरि, बागड़मर, सेमरिया ग्रामों का दौरा कर जनसंपर्क करके भाजपा समर्थित पतंग चुनाव चिन्ह के पक्ष में वोट देने के लिए निवेदन किया गया है। सरस्वती बंजारे ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान लोगों का भाजपा को भारी समर्थन मिल रहा है। भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से लोग प्रभावित हैं। भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से प्रभावित होने के कारण लोगों का जनसमर्थन मिल रहा है। साथ ही क्षेत्रीय विधायक एवं भाजपा संगठन के साथ सैंकड़ों महिलाएं सरस्वती बंजारे के पक्ष में भाजपा को वोट देने के लिए लोगों को प्रेरित करने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती हैं और प्रचार प्रसार के लिए प्रतिदिन क्षेत्र में दौरा करती हैं।

## आशा ने क्षेत्र की जनता से मांगा जीत का आशीर्वाद



**निकुम।** त्रिस्तरी पंचायत चुनाव के आखिरी दिन भाजपा समर्पित प्रत्याशी आशा सुरेश साहू ने जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 के 20 गांव निकुम आमटी, चंदखुरी, पीसेगांव, कुथरेल, अंडा सहित पूरे क्षेत्र के 20 गांव में चुनावी काफिले के साथ क्षेत्र में अंतिम दिन जनता के बीच जाकर जीत का आशीर्वाद मांगा। वहीं पूरे जोश के साथ चुनाव भरपूर प्रचार प्रसार कर रही है। घर-घर जाकर ग्रामीण मतदाताओं से मुलाकात कर समर्थन व आशीर्वाद मांग रही है। इस बार चुनाव अभियान बताने का मुख्य वजह अपने क्षेत्र की जनता की सेवा कर क्षेत्र की समस्याओं को दूर कर विकास की किरण बिखेरना है। क्षेत्र की जनता उन्हें एक बार मौका दे। क्षेत्र का क्षेत्र क्रमांक 7 में दो पत्ती चुनाव चिन्ह क्रमांक 1 मिला है जिसके लिए जनता मतदान दिवस 17 फरवरी को दो पत्ती पर चुनाव चिन्ह पर मोहर लगाकर विजय बनाने की अपील किया है।

## क्षेत्र के सतत विकास के लिए वचनबद्ध: आशा



**अंडा।** जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7 की कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी आशा विक्की मिश्रा को क्षेत्र में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आमजनता का भरपूर को आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। शनिवार को विभिन्न गांव में जनसंपर्क कर जिला पंचायत सदस्य पद के लिए उगता हुआ सूरज छाप पर मुहर लगाकर आशीर्वाद प्रदान का निवेदन कर रही है। जिसमें क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। जन सभाएं व पैदल भ्रमण में लोग फूलमालाओं से स्वागत कर भारी मतों से जीतने का आशीर्वाद दे रहे हैं। विदित हो कि आशा मिश्रा के पति ज्ञानेश्वर मिश्रा ने पिछले कार्यकाल में जनपद सदस्य रहकर क्षेत्र में कई विकास कार्य करवाए हैं। सभापति रहकर जिला स्तर पर कई महत्वपूर्ण कार्यों की सौगात दी है। अपने क्षेत्र के कोलिहापुरी, पिसेगांव, चंदखुरी, कोनारी, कुथरेल, भरदा, अछोटी, चिंगरी, अंडा, विनायकपुर, आमटी, माशाभाट, निकुम, आलबरस, तिरगा, झोला, भोथली, खाड़ा, रूदा गांव में प्रचार में लगी रही। ग्रामीणों के स्वागत से अभिभूत होकर आशा मिश्रा विकास की बात दोहरा रही है। समस्याएं पूछकर उसके निराकरण करने आश्वासन दे रही हैं। गांव के युवा, बुजुर्ग एवं महिलाएं भी जनसभा में पहुंच रही हैं। गांवों में बिजली, पेयजल, आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए धन्यवाद दे रहे हैं।

### छाटा में भागवत कथा यज्ञ महोत्सव में बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालु

# कलयुग के लोगों का कल्याण के लिए भागवत कथा सुनना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



ग्राम छाटा में बघेल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दूसरे दिवस पर परिक्षित, शुकदेव की कथा एवं दिव्य मंत्रों के साथ श्रीमद भागवत कथा की शुरुआत की गई। भागवत कथा के दूसरे दिन शुकदेव की वंदना के बारे में वर्णन करते हुए भागवत कथा व्यास रेणुका दीदी गोस्वामी ने कहा कि श्रीमद्भागवत की अमर कथा एवं शुकदेव के जन्म का विस्तार से वर्णन किया। कैसे श्रीकृष्ण ने शुकदेव महाराज को धरती पर भागवत कथा गायन करने भेजा ताकि कलियुग के लोगों का कल्याण हो सके। संत कृपाराम ने कथा वाचन करते हुए कहा कि भगवान मानव को जन्म देने से पहले कहते हैं ऐसा कर्म करना जिससे दोबारा जन्म ना लेना पड़े। मानव मुट्ठी बंद करके यह संकल्प दोहराते हुए इस पृथ्वी पर जन्म लेता है। प्रभु भागवत कथा के माध्यम से मानव का यह संकल्प याद दिलाते रहते हैं। भागवत सुनने वालों का भगवान हमेशा कल्याण करते हैं। भागवत ने कहा है जो भगवान को प्रिय हो वही करो, हमेशा भगवान से मिलने का उद्देश्य बना लो, जो प्रभु का मार्ग हो उसे अपना लो, इस संसार में जन्म-मरण से मुक्ति भगवान की कथा ही दिला सकती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं। महर्षि वेद व्यास के अयोनिज पुत्र थे और यह बारह वर्ष तक माता के गर्भ में रहे। भगवान शिव, पार्वती को अमर कथा सुना रहे थे। पार्वती को कथा सुनते-सुनते नींद आ गई और उनकी जगह पर वहां बैठे शुकदेव जीने हुंकारी भरना प्रारम्भ कर दिया। जब भगवान शिव को यह बात ज्ञात हुई, तब उन्होंने शुकदेव को मारने दौड़े और पीछे अपना त्रिशूल छोड़ा। शुकदेव जान बचाने के लिए तीनों लोकों में भागते रहे भागते-भागते वह व्यास के आश्रम में आए। इस असवर पर गिरधर बघेल, शैल बघेल सहित हिरेंद्र वर्मा, दीप्ति वर्मा, विद्या वर्मा, अभिनेष वर्मा, वंदना भूपेंद्र वर्मा, रीना अशीष देशमुख, जयप्रकाश बघेल, रवि प्रकाश बघेल सहित मीना वर्मा, रामेश्वरी, पंथ राम वर्मा, उमा वर्मा, सतानंद वर्मा, अंशुमन, आस्क, यशिका, श्रीजी एवं ग्रामवासी मौजूद थे। कथा में 16 फरवरी को जड़ भरत कथा, आजिमाल, प्रहलाद चरित्र की कथा सुनाई जाएगी।

## ट्रक-ट्रेलर एसोसिएशन के अध्यक्ष मिले डीजीपी अरुण देव से



**भिलाई।** सीसीडब्लूटीए के संरक्षक और भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह छोटू ने नव नियुक्त डीजीपी अरुण देव गौतम से मुलाकात की। इंदरजीत डीजीपी के निवास पहुंचे, जहां मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। साथ ही दुर्ग जिले सहित प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान ला एंड आर्डर से जुड़ी जानकारियों से भी अवगत कराया।

पेज 9 का शेष...

### नुक्कड़ नाटक ...

रिटर्निंग ऑफिसर(पंचायत) एवं तहसीलदार हिंसा राम नायक सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीईओ पंकज देव के मार्गदर्शन में जाबो कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल अधिकारी गौतम सिन्हा ग्राम पंचायतों को केंद्र बनाकर महिला स्वसहायता समूहों व कलाकारों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली सजाओ, शपथ ग्रहण जैसे विभिन्न माध्यमों से सभी मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदान करने प्रेरित करने में लगे हुए हैं।

### जीत के बाद भाजपा कार्यालय में मना जश्न

# कार्यकर्ताओं की मेहनत से मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिला संगठन के सभी 6 नगरीय निकायों में भाजपा का परचम लहराने पर दुर्ग जिले के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त हर्ष व्याप्त है। पूरे जिले के सभी नगरीय निकायों से जीत का समाचार आते ही दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ गया, पटाखे फोड़कर मिठाइयां बांटकर कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष और पदाधिकारीगण समेत अनेकों कार्यकर्ता एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि, पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा ने 95 प्रतिशत से ज्यादा जीत हासिल की है। महापौर के रूप में अलका बाघमार की जीत सही मायने में जनता की जीत है। भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता की जीत है। जिस आशा और विश्वास से जनता ने भाजपा को महापौर सहित तमाम नगरीय निकायों में जीत दिलाई है भाजपा उस पर खरा उतरेगी। इस दौरान चन्द्रिका चन्द्राकर, उषा टावरी, कांतिलाल बोथरा, प्रितपाल बेलचंदन आदि मौजूद थे।

■ जिला भाजपा कार्यालय में रखा गया था कार्यक्रम



### पंचायतों के चुनाव में भी पूरी शक्ति लगाएंगे

जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि, दुर्ग नगर निगम के साथ-साथ कुम्हारी, अमलेश्वर नगर पालिका और उतई, धमधा, पाटन नगर पंचायत में जीत हासिल करके दुर्ग जिले में भाजपा ने शत प्रतिशत परिणाम दिया है। अब आगे पंचायतों के चुनाव में भी भाजपा पूरी शक्ति के साथ लड़ेगी।

### विधायक की लीड से ज्यादा जीत-गजेन्द्र


पंचायत विकास एवं ओबीसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विधायक ललित चंद्राकर ने कहा शानदार जीत दिलाकर जनता ने भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा महापौर का चुनाव जनता ने विधायक से भी ज्यादा अंतर से जिताया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## उतई नपं में 321 वोट से जीती सरस्वती नरेंद्र साहू



**उतई।** नगर पंचायत उतई के 15 वार्डों में से 10 वार्ड में भाजपा ने जीत हासिल की है। वहीं 3 वार्ड में कांग्रेस और 2 वार्ड में जौहर पार्टी ने जीत दर्ज की है। नगर पंचायत में भाजपाइयों की जीत से खुशी का माहौल है। वहीं वार्ड 1 में कांग्रेस से रमशिला धनंजय नेताम, वार्ड 2 से भाजपा के सोनू राजपूत, वार्ड 3 से कांग्रेस के राकेश साहू, वार्ड 4 से भाजपा के लक्ष्मी नारायण साहू, वार्ड 5 से भाजपा के सतीश चंद्राकर, वार्ड 6 से भाजपा के लता सोनवानी, वार्ड 7 से भाजपा के भीमसेन सिन्हा, वार्ड 8 से जौहर पार्टी के विजय लक्ष्मी साहू, वार्ड 9 से द्वारिका साहू, वार्ड 10 से भाजपा के खूबी राम साहू, वार्ड 11 से भाजपा के शिवनारायण देशमुख, वार्ड 12 से भाजपा के अनीता नीलम गढ़े, वार्ड 13 से जौहर पार्टी के शिव ठाकुर, वार्ड 14 से भाजपा के संगीत रजक, वार्ड 15 से भाजपा के सुनीता गौतम चंद्राकर की जीत हुई है।वहीं नगर में अध्यक्ष पद भाजपा प्रत्याशी सरस्वती नरेंद्र साहू को कुल 2643 मत मिले वही कांग्रेस प्रत्याशी हीरादेवी वर्मा को 2322 मत मिले। इस प्रकार कुल 321 मतों से जीत दर्ज की। श्वेता सतीश पारख को 1000 मत मिले, सुनीता रूपनारायण शर्मा को 714 मत मिले वहीं जौहर पार्टी के कुसुम देवांगन 100 का आंकड़ा पार की है। इस प्रकार उतई नगर पंचायत चुनाव राजनीतिक लिहाज से खासा रोमांचक रहा। जीत जरूर भाजपा को मिली।

## अहिवारा में निर्दलीय ने लहराया विजय पताका



**भिलाई।** निकाय चुनाव में अहिवारा नगर पालिका परिषद में निर्दलीय प्रत्याशी विद्यानंद कुशवाहा ने अपनी जीत का पहचम लहराया है। भाजपा प्रत्याशी और पालिका अध्यक्ष रहे नटवर ताम्रकर को 2807 से विद्यानंद ने हराया है। तीसरे स्थान पर कांग्रेस प्रत्याशी भुवन साहू रहे है।विद्यानंद कुशवाहा लंबे समय से भाजपा के लिए काम करते रहे और चुनाव के दौरान टिकट नहीं मिलने से बागी के रुप में चुनाव लड़कर जीत हासिल किया। विद्यानंद कुशवाहा को 5978, नटवर तम्रकर 3171 और भुवन साहू को 1972 मत मिले है। अहिवारा नगर पालिका क्षेत्र में कुल 15 वार्ड है जिसमें भाजपा 10, कांग्रेस 2 और निर्दलीय 3 पार्षद चुनाव जीतकर आए है।

## जामगांव आर में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**जामगांव आर।** नगर कला मंच में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा 8 से 16 फरवरी तक आयोजित की गई। राधे राधे समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित भागवत कथा का श्रवण भक्तों को आचार्य सतीश दुबे धमतरी वाले ने कराए। 16 फरवरी को हवन यज्ञ के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

## धमधा में भाजपा ने किया रिकार्ड तोड़ जीत हासिल

धमधा। नगरीय निकाय चुनाव का आज नतीजा आते ही पूरे नगर में भाजपा में लहर सी दौड़ गई है और भाजपा प्रत्याशी श्वेता प्रशांत अग्रवाल ने एक बड़ी जीत हासिल की वही धमधा नगर के कुल 15 वार्ड में से 13 वार्ड में जीत हासिल कर एक नए इतिहास को लिखा है। वही बात करे जितने वाले प्रत्याशियों की जिनमें वार्ड नंबर 1 से बृजेंद्र दानी वार्ड नंबर 2 से मलिक मोहम्मद कुरैशी वार्ड नंबर 5 से दीप्ति गुप्ता वार्ड नंबर 6 से रमन लाल यादव वार्ड नंबर 7 से चेतन लाल सोनकर वार्ड नंबर 8 से डोमार सोनकर वार्ड नंबर 9 से शशि यादव वार्ड नंबर 10 से लक्ष्मी नारायण यादव वार्ड नंबर 11 से कुमारी वार्ड नंबर 12 से देवकी ताम्रकार वार्ड नंबर 13 से कीर्ति ताम्रकार वार्ड नंबर 14 से समिति संगीता साहू वार्ड नंबर 15 से चंद्रिका प्रसाद भट्ट नव निर्वाचित पार्षद हुए वही कांग्रेस अध्यक्ष प्रत्याशी सुनीता गुप्ता को भाजपा प्रत्याशी श्वेता अग्रवाल ने लगभग 1730 वोटो से हराया।

**सियासत : जनता ने जताई विकास की उम्मीद**

# 10 साल बाद कांग्रेस सत्ता से बाहर अब भाजपा के हाथों में आई कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुर



लगातार दस साल तक नगर की सत्ता में काबिज रही कांग्रेस को जनता ने बाहर का रास्ता दिखाकर भाजपा को नगर की कमान पूर्ण बहुमत के साथ सौंप दिया है। अब नगर में ट्रिपल इंजन की सरकार स्पष्ट बहुमत से चलेगी। आशा है कि अब नगर का विकास व नगरवासियों की समस्याओं का समाधान होगा।

नगर के 15 वार्ड पार्षदों में 11 पर भाजपा के पार्षद जीते हैं, 4 पर कांग्रेस के पार्षद हैं। नगर का नेतृत्व युवा स्वच्छ छवि के प्रदीप साहू उर्फ मुन्ना के हाथों में है। नगर की जनता आज भी पेयजल व पानी निकासी, हरियाली, बिजली, नाली जैसी मूलभूत समस्या से जूझ रही है। नगर में युवा, महिलाओं, वरिष्ठजनों, छात्रों व बच्चों के लिए अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई विकल्प संसाधन नहीं है। नगर के लोग आज भी रायपुर भिलाई जैसे शहरों में जाकर अपनी जरुरतों को पूरा कर रहे हैं। अब नगर में ट्रिपल इंजन की सरकार से जनता आस लगाए है कि नगर का विकास आगामी 50 साल की आवश्यकता को ध्यान मे रखते हुए तय किया जाएगा।

नगर में भाजपा से वार्ड क्रमांक एक से राकेश दीवान, वार्ड क्रमांक चार से कुंती ताम्रज सिन्हा, वार्ड क्रमांक 5 मे अनुसुईया ध्रुव, वार्ड क्रमांक 7 से चंद्रलता साहु, वार्ड क्रमांक 8 मे कमलेश शोभित ओझा, वार्ड क्रमांक 10 से अनाराम यादव, वार्ड क्रमांक 11 से गिरधर ठाकुर, वार्ड क्रमांक 12 से बिन्दा यादव, वार्ड क्रमांक 13 से जितेश्वरी मोहन निषाद, वार्ड क्रमांक 14 से मधु जगदल्ले, वार्ड क्रमांक 15 से नारायण रामटेके विजयी रहे हैं।

वहीं, कांग्रेस के वार्ड क्रमांक 02 से चितानंद साहू, वार्ड क्रमांक 3 से भूपेश कुमार लोहले, वार्ड क्रमांक 6 से महिमा रेणु साहू, वार्ड क्रमांक 9 से तृप्ति यादव विजयी रही है।



## भाजपा ने निकाली आभार रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर पंचायत में 10 साल बाद वापसी कर ऐतिहासिक जीत के बाद रविवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष, व पार्षदों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने आभार रैली निकाली। रैली देऊर मंदिर प्रांगण में काल भैरव एवं महाकाल की पूजा के बाद प्रारंभ हुई। रैली में जगह-जगह पुष्पवर्ष कर, आरती उतारकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का सम्मान किया गया। रैली में चुनाव संचालक नंदकिशार शर्मा, सह संचालक चन्द्रप्रकाश गांधी, मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू, टुकेश्वर पाण्डेय एवं खेमलाल देवांगन के साथ नवनिर्वाचित पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# नगर पंचायत अर्जुंदा में निर्दलीय प्रत्याशी प्रणेश ने भाजपा-कांग्रेस को चटाई धूल

**बालोद/अर्जुंदा।** नगर पंचायत में पहली बार निर्दलीय प्रत्याशी ने बाजी मारते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमा लिया है। 30 साल से भाजपा संगठन में सक्रिय रहने व 10 साल ग्राम पंचायत अर्जुन्दा में तथा अगले 15 साल नगर पंचायत अर्जुन्दा में लगातार नेतृत्व करने के बावजूद पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर बागी होकर मैदान में उतरे भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष प्रणेश जैन ने भाजपा व कांग्रेस दोनों को धूल चटा दी।

- पहली बार निर्दलीय उम्मीदवार ने जमाया अध्यक्ष पद पर कब्जा

अर्जुन्दा नगर के रहने वाले प्रणेश जैन लगातार 30 साल से भाजपा संगठन में सक्रिय रहे। वर्ष 1995 में प्रणेश जैन भाजपा में शामिल हुए। उस समय अर्जुंदा ग्राम पंचायत थी। वर्ष 1999 में वार्ड 2 से उन्होंने पंच का चुनाव लड़ा और चुनाव जीतकर उपसरपंच बने। 2004 में चुनाव लड़कर पंच बनकर पुनः उपसरपंच बने। वर्ष 2008 में ग्राम पंचायत अर्जुन्दा को नगर पंचायत का दर्जा मिला, 2009 में वार्ड 13 से पार्षद चुनाव जीतकर उपाध्यक्ष बने। वर्ष 2014 में उन्होंने वार्ड 14 से चुनाव लड़कर वार्ड पार्षद का चुनाव जीतकर उपाध्यक्ष बने। वर्ष 2019 में भाजपा ने फिर उनका वार्ड बदला एवं उन्हे वार्ड 12 से टिकट दी जहां से वे पुनः लगातार पांचवी बार चुनाव जीतकर पार्षद बने। इसके अलावा 2019 से 2024 तक भाजपा संगठन से अर्जुंदा मंडल अध्यक्ष रहे।



**बीजेपी से मांगा टिकट, नहीं मिला तो निर्दलीय लड़े-** लगातार 30 सालों से संगठन में सक्रिय रहने के कारण प्रणेश जैन ने भाजपा से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए टिकट की मांग की। लेकिन संगठन ने उन्हें टिकट देने के बजाय ओसाभ प्रिंस यादव को बीजेपी ने टिकट दिया। जनता की मांग पर प्रणेश जैन पीछे नहीं हटे और अपनी पार्टी से बगावत कर निर्दलीय नामांकन भरकर अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ा।

**पांच प्रत्याशियों के बीच हुआ मुकाबला-** अर्जुन्दा नगर पंचायत से अध्यक्ष प्रत्याशी के पद पर पांच लोगों ने अपनी दावेदारी आजमाई थी। जिसमें भाजपा से ओसाभ प्रिंस यादव, कांग्रेस से सुषमा चंद्राकर, निर्दलीय प्रत्याशी प्रणेश जैन, रोमन लाल सोनकर योगेश्वर निर्मलकर ने अध्यक्ष पद की दावेदारी की थी। जिसमें भाजपा प्रत्याशी ओसाभ प्रिंस यादव को 549 वोट से हराकर प्रणेश जैन ने अध्यक्ष पद पर अपना दबदबा कायम किया।

## नगरीय निकाय चुनाव के बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले समाज प्रमुखों ने किया आग्रह

# जो अच्छे विचारों के साथ काम कराने में सक्षम हों, उन्हें चुनने मतदान अवश्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



देश और प्रदेशों का सरकार चुनते हुए शहरों की सरकार लोकतंत्र की मर्यादाओं के तहत विजयी होकर सत्तासीन हो चुकी है। अब बारी है पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य चुनकर गांवों की सरकार बनाए जाने की। गांवों की सरकार ऐसे प्रत्याशी को चुने जो अच्छे विचारों के साथ काम कराने में सक्षम हो। वैसे भी सीमित छोटे एरिया होने के कारण इन चुनावों में मतदाता प्रत्याशियों की कार्य एवं व्यवहार कुंडली से परिचित होते हैं। अधिकांश प्रत्याशी किसी ना किसी रूप में अपना रोल आमजनता को दिखा चुके होते हैं। कई प्रत्याशी तो अतीत के पंचवर्षीय में भी पदों पर आसीन होकर किरदार निभा चुके होते हैं। मतदान किसे करें, मतदाता की मर्जी है, लेकिन मतदान अवश्य करें मतदाताओं से समाजों वरिष्ठ जनों ने अर्जी की है।

**मतदान कर यादगार भूमिका निभाएं-** साहू समाज के तहसील उपाध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने कहा कि शहरों के मतदाताओं ने शहर सरकार चुन ली। अब गांव की सरकार चुनने में गांव के मतदाता स्वस्फूर्त भूमिका निभाएं। लोकतंत्र महोत्सव का इतिहास मतदाताओं के प्रचंड मतदान से बनता है कोई भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे यह प्रत्येक मतदाता की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मतदाता मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएं।

**आपका एक वोट कीमती-** मानिकपुरी समाज के रामदास मानिकपुरी कहते हैं कि गांव की सरकार अच्छी चुनी जाए, तभी गांव का विकास अच्छा होगा। अच्छी सरकार चुनने के लिए मतदान कर मतदाता अपनी गांव के प्रति जिम्मेदारी निभाएं और मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि मतदाता का एक वोट बहुत कीमती होता है, हारते हुए प्रत्याशी को जीता सकता है।

**अब तो गांव में मिल रही सुविधा-** सतनामी समाज के समाजसेवी लालजी डहरे कहते हैं कि सरकार की योजनाओं का लाभ सबको मिलता है। गांव की सरकार बनाने में शत प्रतिशत मतदान होना चाहिए। आजकल तो मतदान की सुविधा गांव गांव में मिल रही है। जो मतदाता मतदान के लिए सजग नहीं है उन्हें तो सरकार के विरुद्ध टिप्पणी भी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि आपको लगता है कि कोई भी प्रत्याशी सही नहीं है, तो आप नोटा का बटन भी दबा सकते हैं।

**मतदान जरूर करें, नहीं तो वो जीत सकता है, जिसे आप बिल्कुल नहीं चाहते-** जैन समाज के समाजसेवी गौतमचंद जैन ने कहा कि मतदान का असर गांव के विकास पर दिखना चाहिए। ऐसा न हो कि आपके मतदान नहीं करने से वो प्रत्याशी जीत जाए, जिसे आप बिल्कुल नहीं चाहते और 5 साल तक अपनी गलती पर पछतावा करते रह जाएंगे। इससे तो अच्छा है गांव की सरकार बनाने में शत प्रतिशत मतदान में अपना भी योगदान दें।

**मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं-** सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक डॉ केएस देवांगन कहते हैं कि लोकतंत्र की मजबूती मतदान से होती है। प्रत्येक मतदाता अपनी जिम्मेदारी निभाएं। बड़ी समझदारी से मतदान करें। आपके मतदान से गांव में सरकार बनेगी और गांव का विकास कराना है। अच्छे प्रत्याशी को चुनें।

**अपना वोट देकर बनाएं अपनी पसंद की सरकार-** नगर के सीनियर डाक्टर एनके चंद्रवंशी ने कहा कि मतदान करने से किसी को भी नहीं चूकना चाहिए। मतदान से मतदाता और गांव का भविष्य संवरता है। आपका एक वोट आपका और गांव का भला कर सकता है। मतदान कर अपनी पसंद की सरकार बनाएं।

**गांव के विकास में सक्षम प्रत्याशी पर मुहर लगाए-** परिक्षेत्रीय सेन समाज इकाई 3 के सदस्य जालम सेन ने कहा कि मतदान करने में कोई पीछे नहीं रहे और गांव की सरकार बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। सरपंच चुनाव के सभी प्रत्याशी से प्रत्येक मतदाता परिचित होते हैं, कौन गांव का विकास करा सकते हैं, इसे देखते हुए अच्छी तरह सोचसमझकर मुहर लगाएं, ताकि 5 साल पछताना न पड़े।

**जो गांव का विकास कर सके, ऐसे नेता को चुनिए-** समाज के अभयराम ठाकुर ने कहा कि मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। इस उत्सव में सहभागी बनने मतदान अवश्य करें, कोई भी वंचित न रहे। ऐसे प्रत्याशी को चुने जो गांव के विकास में अच्छी भूमिका निभा सके। पंचायत चुनाव ऐसा चुनाव है जिसमें मतदाता प्रत्येक प्रत्याशी आचार व्यवहार क्षमता से परिचित होते है। किसे मतदान करेंगे आपकी मर्जी, लेकिन मतदान अवश्य करें।

**मतदान कर लोकतंत्र के महायज्ञ में अवश्य शामिल हों-** छत्तीसगढ़ प्रादेशिक व्यापार प्रकोष्ठ माहेश्वरी युवा संगठन संयोजक सौरभ राठी ने कहा कि मतदान प्रत्येक मतदाता का दायित्व है। इस दायित्व के निर्वहन में महती भूमिका निभाकर अपने मन पसंद प्रत्याशी पर मुहर लगाएं। लोकतंत्र के महायज्ञ में शामिल होकर गौरवमय इतिहास की रचना में सहभागी बनें। गांव की सरकार सुख दुख से जुड़ी होती है। आप प्रत्याशी के गुण अवगुण से परिचित होते हैं, इसलिए जो अच्छा लगे उसपर मुहर लगाए गांव की अच्छी सरकार बनाएं।

**मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें-** नगर पुरोहित मुकेश शुक्ला ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान करना प्रत्येक मतदाता की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जहां का अन्न खाते हैं, पानी पीते हैं, एशोआराम से जीवन जीते हैं, सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हैं। लेकिन, जब आपके कीमती मत से गांव की सरकार बनाने की बारी आती है, तब स्वमेव उत्साहित होकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी पर मुहर लगाने से नहीं चूकें। लोकतंत्र आपके मतदान से मजबूत होता है, इस बात अवश्य ध्यान रखें।

## हरिभूमि से उपहार पाकर कुसुमलता ने कहा यादगार बन गया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



हरिभूमि द्वारा पाठकों के जन्मदिन की खुशियों को यादगार बनाने के लिए चलाए जा रहे जन्मदिन उत्सव योजना के तहत नगर निवासी कुसुमलता साहू पिता रोमनाथ साहू को उनके जन्मदिन पर हरिभूमि परिवार की ओर शुभकामनाएं देते हुए उपहार प्रदान किया गया। कुसुमलता साहू ने बताया कि वह हरिभूमि की नियमित पाठक हैं। हरिभूमि में निष्पक्षता से समाचारों को प्रकाशित किया जाता है, इसलिए यह मेरी पहली पसंद है। मेरे जन्मदिन पर इस प्रकार उपहार मिलने से मेरा यह एक यादगार पल बन गया है। समाजसेवी सरोज टुवानी ने कुसुमलता साहू को हरिभूमि का उपहार प्रदान किया।

## जन्मदिन पर हरिभूमि की ओर से रेणुका को मिला उपहार



**गुरूर।** हरिभूमि द्वारा चलाए जा रहे जन्मदिन उत्सव के तहत नगर के पाठक रेणुका टुवानी को उनके जन्मदिन पर हरिभूमि परिवार की ओर से शुभकामाएं देते हुए उपहार प्रदान किया गया। उपहार प्राप्त करते हुए रेणुका टुवानी ने बताया कि वह बीते 8 सालों से हरिभूमि की नियमित पाठक हैं। इसके पूर्व भी उन्हें हरिभूमि द्वारा पाठकों के लिए लिए आरंभ उपहार योजना के उपहार प्राप्त हो चुके हैं। मेरे जन्मदिन पर इस प्रकार उपहार मिलने से यह एक यादगार पल बन गया है।

## हरिभूमि ने उपहार देकर यादगार बनाया छाया का जन्मदिन



**बालोद।** हरिभूमि द्वारा पाठकों के जन्मदिन की खुशियों को यादगार बनाने चलाए जा रहे जन्मदिन उत्सव योजना के तहत ग्राम कन्नेवाड़ा निवासी छाया ठाकुर को उनके जन्मदिन पर हरिभूमि परिवार की ओर शुभकामनाएं देते हुए उपहार प्रदान किया गया। छाया ठाकुर ने बताया कि वह बीते 10 साल से हरिभूमि की नियमित पाठक हैं। उन्होंने कहा कि मेरे जन्म दिन पर इस प्रकार उपहार मिलने से यह एक यादगार पल बन गया है।

# प्रयागराज पहुंचे महंत रामसुंदर दास, पं प्रदीप मिश्रा से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



महाकुंभ में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज पीठाधीश्वर श्री दूधाधारी मठ रायपुर एवं श्री शिवरीनारायण मठ प्रयागराज में गंगा जी के त्रिवेणी संगम पर आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में सम्मिलित हुए। उनके साथ बड़ी संख्या में जिले के श्रद्धालु भी पहुंचे हुए थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयागराज के संगम तट पर अंतरराष्ट्रीय ख्याति लब्ध श्री शिव महापुराण कथा वाचक आचार्य प्रदीप मिश्रा कथा वाचन करने के लिए व्यास पीठ पर विराजित हैं। अपने द्वितीय प्रयागराज प्रवास के दौरान राजेश्री महन्त महाराज उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने व्यास पीठ पर विराजित आचार्य मिश्रा का शाल, श्रीफल से सम्मान किया। आचार्य ने भी व्यास पीठ से राजेश्री महन्त महाराज का अभिवादन किया। राजेश्री महंत महाराज प्रयागराज के महाकुंभ में दूसरी बार गंगा स्नान के लिए उपस्थित हुए हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से श्रीमद् जगतगुरु विष्णु स्वामी संतोष दास महाराज (सतुवा बाबा) एवं अन्य अति विशिष्ट संत महात्मा गण उपस्थित थे। प्रयागराज के द्वितीय प्रवास में राजेश्री महन्त जी महाराज के सुरक्षा अधिकारी पांडे, हर्ष दुबे, जनक राम साहू एवं मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव प्रवास पर हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
शिमला मनाली
9 दिन
18 मार्च से 26 मार्च, 08 अप्रैल से 16 अप्रैल
06 मई से 14 मई, 22 मई से 30 मई, 04 जून से 12 जून 2025
माल रोड, फागु, कुफरी, नालदेहरा, मशोबरा, रोहतांग दर्रे, काली बाड़ी मंदिर, जाखू मंदिर, माल रोड स्केटल प्वाइंट, लक्कड़ बाजार, वर्षों पुरानी तारा देवी मंदिर, देवताओं की घाटी कुल्लू मणिकरण
राशि:- स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- [+ 5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport